<u>अग्रवाल महाविद्यालय में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर रैली का आयोजन</u>

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लाब्गढ़ में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ व पोलिटिकल साइंस फोरम के अंतर्गत दिनांक 20-02-2025 को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर 'समावेश को सशक्त बनाना सामाजिक न्याय के लिए अन्तराल को पाटना' थीम के तहत समानता न्याय और समावेशिता के महत्त्व पर रैली निकली गयी | इस रैली का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष (गवर्निंग बॉडी) श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय महासचिव (गवर्निंग बॉडी) अधिवक्ता श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से एवं अग्रवाल महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में किया गया | इस अवसर पर डा. अजित यादव, वरिष्ठ प्राध्यापक ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया और विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता बढाने और एक समान समाज की ओर कदम बढ़ने को प्रेरित किया रैली के दौरान विद्यार्थियों ने भेदभाव, असमानता और गरीबों के खिलाफ एकजुटता का सन्देश दिया | उन्होंने विभिन्नता में एकता, सबके लिए समानता तथा सामाजिक न्याय की यही पुकार समान अवसर सबका विकास, सभी के लिए न्याय सभी के लिए समानता आदि नारों के साथ कॉलेज के आस पास रैली निकाली इस अवसर पर डा. रितु, श्रीमती पुष्पा व डा. जगबीर सिंह उपस्थित रहे |